भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3215

उत्तर देने की तारीख : 06.08.2026

ओडिशा में एमएसएमई को सहायता

3215. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रहीः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में जिला-वार आवंटित, स्वीकृत, वितरित धनराशियों और किए गए व्यय सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को विकास पूंजी प्रदान करने के लिए आत्म-निर्भर भारत (एसआरआई) कोष सहित इक्विटी सहायता तंत्रों के तहत की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए डिजिटल वाणिज्य के लिए खुले नेटवर्क (ओएनडीसी) के साथ एमएसएमई व्यापार सक्षमता और विपणन (टीम) पहल का एकीकरण तथा इसके तहत एमएसएमई को शामिल करने की दिशा में की गई प्रगति और जिला-वार आवंटित बजट तथा किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) जेडईडी प्रमाणन, लीन मैन्युफैक्चरिंग और गुणवत्ता सुधार पहलों सहित एमएसएमई चैंपियंस योजना के तहत जिला-वार उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ओडिशा में एमएसएमई द्वारा सामना किए जाने वाले क्रेडिट गैप, ट्रेड रिसिवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरइडीएस)/समाधान के माध्यम से विलंबित भुगतानों और अनुपालन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : दिनांक 30.6.2026 तक की स्थिति के अनुसार सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) निधि के तहत 20,004 करोड़ रुपए का कुल इक्विटी निवेश किया गया है, जिसमें पूरे भारत में 766 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को दी जाने वाली प्राइवेट इक्विटी शामिल है। ओडिशा में दिनांक 30.06.2026 तक एसआरआई निधि के तहत सहायता-प्राप्त एमएसएमई का जिला-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	जिले का नाम	एमएसएमई की संख्या	एमएसएमई में निवेश (लाख रुपए में)
1	खोरधा	5	3149
2	सुंदरगढ़	1	25
3	बालेश्वर	1	50
4	कटक	1	25
5	कालाहांडी	1	25
कुल		9	3274

(ख) : वर्ष 2022 में हुई स्थापना से लेकर दिनांक 31.07.2026 तक व्यापार सक्षमता और विपणन (टीम) स्कीम के तहत ओडिशा में कुल 2,074 सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को पंजीकृत किया गया है, जिनमें से 520 एमएसई को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में शामिल किया गया है।

(ग) : मंत्रालय एमएसएमई चैंपियंस स्कीम का कार्यान्वयन एमएसएमई को उनकी प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करने, अपव्यय को कम करने, उनकी व्यावसायिक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने आदि में सहायता करने के उद्देश्य से करता है। इस स्कीम की शुरुआत के बाद से ओडिशा में एमएसएमई चैंपियन स्कीम के तहत एमएसएमई सस्टेनेबल (जेड) प्रमाणन स्कीम और एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) स्कीम के तहत जिला-वार उपलब्धियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) : सरकार ने ओडिशा सहित देश भर में एमएसएमई के लिए ऋण अंतराल और विलंबित भुगतान को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं -

(i) सरकार, अन्य के साथ-साथ, एमएसएमई की ऋण तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जैसी विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करती है।

(ii) एमएसएमई मंत्रालय ने दिनांक 07.11.2024 की अधिसूचना के तहत सीपीएसई और 250 करोड़ रुपए या उससे अधिक का कारोबार वाली सभी कंपनियों को आरबीआई द्वारा अधिकृत ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (ट्रेड्स) प्लेटफॉर्मों में से किसी एक पर शामिल होना अनिवार्य कर दिया है।

(iii) एमएसएमई मंत्रालय ने दिनांक 30.06.2026 की अधिसूचना के तहत सभी सीपीएसई के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे आरबीआई द्वारा अधिकृत किसी भी ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से चालान के निपटान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं।

(iv) एमएसएमई मंत्रालय ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों की सीपीएसई के पास बकाया राशि की निगरानी करने के लिए दिनांक 27.06.2026 को समाधान 2.0 पोर्टल (http://samadhaan.msme.gov.in/MyMSME/MSEFC/MSEFCWelcomer.aspx.) शुरू किया है।

(v) एमएसएमई मंत्रालय ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों से जुड़े विलंबित भुगतान विवादों के त्वरित, लागत प्रभावी और पारदर्शी समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 27.06.2025 को ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) पोर्टल शुरू किया है। ओडीआर ढांचे के तहत एक पूर्व-मुकदमेबाजी, संवाद-आधारित तंत्र की शुरुआत से सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषदों द्वारा औपचारिक निर्णय के लिए मामले को आगे बढ़ाने से पहले खरीददार और विक्रेता के बीच स्वैच्छिक मध्यस्थता, सुलह या बातचीत को प्रोत्साहित किया जाता है।

*****

अनुबंध

"ओडिशा में एमएसएमई को सहायता" पर लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3215, जिसका उत्तर दिनांक 06.08.2026 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

स्कीम की शुरुआत के बाद से दिनांक 03.08.2026 तक ओडिशा में एमएसएमई चैंपियन स्कीम के तहत एमएसएमई सस्टेनेबल (जेड) प्रमाणन स्कीम और एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) स्कीम के तहत जिले-वार उपलब्धियां			
क्र.सं.	जिला	जेड प्रमाणपत्रों की संख्या	लीन प्रमाणनों की संख्या
1	अंगुल	254	0
2	बलांगीर	3,806	6
3	बालेश्वर	571	12
4	बरगढ़	8,894	0
5	भद्रक	80	7
6	बौध	2,096	0
7	कटक	5,225	16
8	देवगढ़	1	0
9	ढेंकनाल	157	0
10	गजपति	11	1
11	गंजम	199	1
12	जगतसिंहपुर	39	1
13	जाजापुर	313	0
14	झारसुगुडा	293	1
15	कालाहांडी	118	0
16	कंधमाल	0	0
17	केंद्रपाड़ा	89	0
18	केंदुझार	8	0
19	खोरधा	1,244	27
20	कोरापुट	5	0
21	मलकानगिरी	2	0
22	मयूरभंज	764	3
23	नबरंगपुर	1	3
24	नयागढ़	353	2
25	नुआपाडा	2	0
26	पुरी	160	6
27	रायगढ़	7	2
28	संबलपुर	234	0
29	सोनपुर	4,084	0
30	सुंदरगढ़	4	1
	कुल	**29,014**	**89**